# केन्द्रीय विद्यालय तिनसुकिया संभाग
# पूर्व परिषदीय परीक्षा-2024-25
# कक्षा-दसवीं विषय-हिन्दी 'अ' कोड-002

निर्धारित समय- 3 घंटे | अधिकतम अंक - 80

**सामान्य निर्देश :-**

निम्नलिखित निर्देशों को सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए।

- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ।
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिसमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिसमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं जिसमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है।
- खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
- यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।

| प्रश्न संख्या | **खंड-क (अपठित बोध)** | अंक 14 |
|---|---|---|
| 1. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। | 7 |
| | भारत में हरित क्रांति का मुख्य उद्देश्य देश को खाद्यान्न मामले में आत्मनिर्भर बनाना था,लेकिन इस बात की आशंका किसी को नहीं थी कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल न सिर्फ़ खेतों में बल्कि खेतों से बाहर मंडियों तक में होने लगेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग खाद्यान्न के गुणवत्ता के लिए सही नहीं है। लेकिन जिस रफ़्तार से देश की आबादी बढ़ रही है, उसके मद्देनजर फसलों को फसलों की अधिक पैदावार जरूरी थी। समस्या सिर्फ़ रासायनिक खादों के प्रयोग की ही नहीं हैं।देश के ज्यादातर किसान परंपरागत कृषि से दूर होते जा रहे हैं। दो दशक पहले हर तक हर किसान के यहाँ गाय बैल और भैंस खूँटों से बँधे मिलते थे।अब इन मवेशियों की जगह ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ले ली है। परिणाम स्वरूप गोबर और घूरे की राख से बनना कंपोस्ट खाद खेतों में गिरनी बंद हो गई। पहले चेत-बैशाख में गेहूं की फसल काटने के बाद किसान अपने खेतों में गोबर,राख और पत्तों से बने ज़ैविक खाद डालते थे। इससे न सिर्फ खेतों की उर्वरा शक्ति बरकरार रहती थी, बल्कि किसानों को आर्थिक लाभ के अलावा बेहतर गुणवत्ता वाली फ़सल मिलती थी। | |
| (I) | हरित क्रांति अपने साथ क्या नहीं लाई ?<br>(क) खाद्यान्न के लिए आत्मनिर्भरता<br>(ख) रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक<br>(ग) परंपरागत खेती से किसानों की दूरी<br>(घ) बेहतर गुणवत्ता वाली फसल | 1 |
| (**II**) | रासायनिक खाद के अतिरिक्त उपर्युक्त गद्यांश में किस प्रमुख समस्या का उल्लेख है ?<br>(क) किसानों का परंपरागत कृषि से दूर होना।<br>(ख) फसल बिक्री के लिए मंडी उपलब्ध ना होना।<br>(ग) ट्रैक्टर का बढ़ता उपयोग।<br>(घ) किसानों का खेती में रुचि ना होना। | 1 |
| (III) | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए– | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | कथन (A) - रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के उपयोग से खाद्यान्न की गुणवत्ता में कमी हुई है।<br>कारण (R)- पहले किसान खेतों में गोबर, राख और पत्तों से बने जैविक खाद डालते थे जिनसे उर्वरा शक्ति बरकरार रहती थी।<br>(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।<br>(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) की सही व्याख्या नहीं है। | |
| (IV) | हमारे देश में हरित क्रांति का उद्देश्य क्या था ? | 2 |
| (V) | जैविक खाद का मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर क्या असर पड़ता है ? | 2 |
| 2. | निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। | 7 |
| | जिसके निमित्त तप-त्याग किए, हँसते-हँसते बलिदान दिए,<br>कारागारों में कष्ट सहे, दुर्दमन नीति ने देह दहे,<br>घर-बार और परिवार मिटे, नर-नारि पिटे, बाज़ार लुटे<br>आई, पाई वह 'स्वतंत्रता', पर सुख से नेह न नाता है –<br>क्या यही 'स्वराज्य' कहाता है।<br>सुख, सुविधा, समता पाएँगे, सब सत्य-स्नेह सरसाएँगे,<br>तब भ्रष्टाचार नहीं होगा, अनुचित व्यवहार नहीं होगा,<br>जन-नायक यही बताते थे, दे-दे दलील समझाते थे,<br>वे हुई व्यर्थ बीती बातें, जिनका अब पता न पाता है।<br>क्या यही 'स्वराज्य' कहाता है।<br>शुचि, स्नेह, अहिंसा, सत्य, कर्म, बतलाए 'बापू' ने सुधर्म,<br>जो बिना धर्म की राजनीति, उसको कहते थे वह अनीति,<br>अब गांधीवाद बिसार दिया, सद्भाव, त्याग, तप मार दिया,<br>व्यवसाय बन गया देश-प्रेम, खुल गया स्वार्थ का खाता है –<br>क्या यही 'स्वराज्य' कहाता है। | |
| (I) | **निम्नलिखित कथन-कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनाव कीजिए।**<br>कथन(A): सुख समता लाने का एक मात्र आधार है ,बलिदान \|<br>कथन (R): भ्रष्टाचार समाज में सुख पहुँचाने का आसान साधन है \|<br>क. कथन(A) तथा कारण (R)दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।<br>ख. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है \|<br>ग. कथन (A) तथा कारण (R)दोनों गलत हैं \|<br>घ. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है\| | 1 |
| (II) | गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -<br>(I) स्वराज पाने के लिए सेनानियों ने कठिन तप और बलिदान किये \|<br>(II) स्वतंत्रता पूर्व अनेक प्रकार के वादे किये गये \|<br>(III आजादी के बाद भ्रष्टाचार लाने की बात कही गयी \|<br>ऊपर लिखित कथनों में से कौन सा/कौन से सही हैं?<br>क. केवल एक<br>ख. केवल दो<br>ग. केवल एक और दो | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | घ. एक और तीन | |
| (III) | महात्मा गाँधी जी ने स्वत्रंत्रता के लिए किन सिद्धांतों को अपनाने की बात कही ?<br>क. अहिंसा<br>ख. शुचिता<br>ग. पहला और दूसरा<br>घ. इनमें से कोई नहीं | 1 |
| (IV) | क्या यही स्वराज्य कहाता है' कहकर कवि ने प्रश्न क्यों किया है? | 2 |
| (V) | कविता के अनुसार वीरों ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए तप, त्याग क्यों किया ? | 2 |
| | **खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)** | 16 |
| 3. | निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। | 4×1=4 |
| (I) | "मेरे द्वारा खत लिखा जाता है \|" वाक्य किस वाच्य भेद का उदाहरण है? | 1 |
| (II) | "चलो चल जाए \|" कर्तृवाच्य में बदलिए। | 1 |
| (III) | वाच्य किसे कहते हैं। वाच्य भेद बताइए? | 1 |
| (IV) | पक्षियों से उडा जाता है। वाक्य किस वाच्य भेद का उदाहरण है? | 1 |
| (V) | गीत उठ नहीं सकती । भाववाच्य में बदलिए ? | 1 |
| 4. | निर्देशानुसार 'वाक्य भेद' पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। | 4×1=4 |
| (I) | "जो चोरी करते हैं उनका कोई सम्मान नहीं करता \|" सरल वाक्य बनाइए। | 1 |
| (II) | रोती मोहिनी को गाँव की महिला चुप करा रही थी। इस वाक्य का मिश्र वाक्य बनाइए।। | 1 |
| (III) | सबसे बड़ी बहन की शादी के समय मैं सात साल की थी और उसकी एक धुंधली -सी याद मेरे मन में हैं। वाक्य भेद बताइए। | 1 |
| (IV) | राम, मोहन, गीत, और सीता साथ-साथ बाजार जाते हैं। वाक्य भेद बताइए ! | 1 |
| (V) | "राम बहुत शक्तिशाली योद्धा है ; विभीषण ने कहा "\| रेखांकित पद में कौन-सा उपवाक्य है? | 1 |
| 5. | निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 4×1=4 |
| (I) | "पीपर पात सरिस मन डोला ।" इस काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? | 1 |
| (II) | "कहती हुई यूं उत्तरा के नेत्र जल से भर गए। हिमकणो से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए" । इस काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? | 1 |
| (III) | "मेघ आए बड़े बन ठन के " \| इस काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (IV) | "हनुमान की पूँछ में लग न पाई आग; लंका सिगरी जल गई गए निशाचर भाग " । इस काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? | 1 |
| (V) | रूपक अलंकार का एक उदाहरण बताइए। | 1 |
| 6. | निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए । | 4×1=4 |
| (I) | हम देहरादून घूमने गए। रेखांकित पद का परिचय दीजिए? | 1 |
| (II) | वह स्कूल से अभी-अभी आया है रेखांकित पद का परिचय दीजिए। | 1 |
| (III) | ड्राइवर ने जोर से ब्रेक मारे। रेखांकित अंश का पद परिचय होगा– | 1 |
| (IV) | यह पुस्तक मैंने तब खरीदी थी, जब मैं पंद्रह वर्ष का था। रेखांकित अंश का पद–परिचय होगा– | 1 |
| (V) | कुछ लड़के बाहर खेल रहे हैं। चाय में कुछ पड़ा है। दोनों वाक्यों में कुछ का सामान्य पद परिचय होगा- | 1 |
| | **खंड-ग**<br>**(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)** | 30 |
| 7. | जीप कस्बा छोड़कर आगे बढ़ गई तब भी हालदार साहब इस मूर्ति के बारे में ही सोचते रहे, और अंत में निष्कर्ष पर पहुंचे कि कुल मिलाकर कस्बे के नागरिकों का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाना चाहिए। महत्त्व मूर्ति के रंग-रूप या कद का नहीं, उस भावना का है वरना तो देश-भक्ति भी आजकल मजाक की चीज होती जा रही है।<br>दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुजरे तो उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। ध्यान से देखा तो पाया कि चश्मा दूसरा है। पहले मोटे फ्रेम वाला चौकोर चश्मा था, अब तार के फ्रेमवाला गोल चश्मा है। | 5×1=5 |
| (I) | जीप के आगे बढ़ने पर भी हालदार साहब का मूर्ति के बारे में सोचते रहने का कारण था-<br>(क) देश प्रेम की भावना<br>(ख) कस्बे में लगी मूर्ति का सौंदर्य<br>(ग) मूर्ति पर संगमरमर का चश्मा ना होना<br>(घ) मूर्ति का रखरखाव न होना | 1 |
| (II) | हालदार साहब ने नागरिकों के प्रयास को बताया -<br>(क) उदारवादी<br>(ख) अकल्पनीय<br>(ग) प्रशंसनीय<br>(घ) बचकाना | 1 |
| (III) | "दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुजरे" । इस वाक्य में 'उधर' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?<br>(क) कस्बे के लिए<br>(ख) चौराहे के लिए<br>(ग) नगरपालिका के लिए<br>(घ) उत्साही लेखक के लिए | 1 |
| (IV) | उन्होंने मूर्ति में क्या अंतर देखा?<br>(क) मूर्ति ने कपड़े पहने हैं<br>(ख) मूर्ति ने शाल ओढ़ी है<br>(ग) मूर्ति पर चश्मा बदल गया है | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) मूर्ति को पेंट कर दिया गया है | |
| (V) | हालदार साहब जीप से कहां जाते थे?<br>(क) कस्बे में लगी मूर्ति देखने<br>(ख) अपनी फैक्ट्री का काम देखने<br>(ग) अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने<br>(घ) कंपनी के काम से कस्बे  से आगे | 1 |
| 8. | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए | 3×2=6 |
| (I) | हालदार साहब को नेताजी की मूर्ति में कौन-सी कमी नजर आई और उन्होंने उसके कारण के विषय में क्या-क्या अनुमान लगाया ? | 2 |
| (II) | 'बालगोबिन भगत' शीर्षक पाठ में किन सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार किया गया है? अपने शब्दों में लिखिए\| | 2 |
| (III) | हम कैसे कह सकते हैं कि मन्नू भंडारी के पिता बेहद संवेदनशील और कोमल व्यक्ति थे ? | 2 |
| (IV) | 'सुषिर-वाद्यों' से क्या अभिप्राय है? शहनाई को 'सुषिर-वाद्यों में शाह' की उपाधि क्यों दी गई है? | 2 |
| 9. | निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए।<br>तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान<br>मृतक में भी डाल देगी जान<br>धूलि-धूसर तुम्हारे यह गात ...<br>छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जलजात<br>परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,<br>पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण<br>छू गया तुमसे की झरने लग पड़े शेफालिका के फूल<br>बाँस था कि बबुल?<br>तुम मुझे पाए नहीं पहचान ?<br>देखते ही रहोगे अनिमेष!<br>थक गए हो?<br>आंखें लूं मैं फेर ?<br>क्या हुआ यदि हो सके परिचित न पहली बार ?<br>यदि तुम्हारी मां ना माध्यम बनी होती आज<br>मैं नहीं सकता देख<br>मैं ना पाता जान<br>तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान। | 5×1=5 |
| (I) | काव्यांश में बच्चों की मुस्कान कैसी बताई गई है ?<br>(अ) मासूम और दूधिया दातों को दिखाती<br>(ब) कठोर से कठोर व्यक्ति में भी कोमलता के भाव उत्पन्न कर देने वाली<br>(स) निराश व्यक्ति के मन में भी उत्साह जगाने वाली<br>उपर्युक्त में सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनिए:<br>(क) केवल अ<br>(ख) केवल अ और स<br>(ग) केवल ब और स | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) अ, ब, स सभी | |
| (II) | कवि ने नवजात शिशु की तुलना किससे की है?<br>(क) कमल के पुष्पों से<br>(ख) शेफालिका के पुष्पों से<br>(ग) बाँस के पुष्पों से<br>(घ) बबूल के पुष्पों से | 1 |
| (III) | "कवि को बच्चा अपरिचय की दृष्टि से एकटक देख रहा है\|" यह भाव काव्यांश की किन पंक्तियों में व्यक्त हुआ है?<br>(क) क्या हुआ यदि हो सके परिचित न पहली बार ?<br>(ख) तुम मुझे पाए नहीं पहचान ? देखते ही रहोगे अनिमेष!<br>(ग) थक गए हो? आंखें लूं मैं फेर ?<br>(घ) परस पाकर तुम्हारा ही प्राण, पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण | 1 |
| (IV) | प्रस्तुत काव्यांश का मूल भाव क्या है<br>(क) मातृत्व<br>(ख) वात्सल्य<br>(ग) प्रेम<br>(घ) उम्मीद | 1 |
| (V) | नागार्जुन जी को किसी एक अन्य नाम से भी जाना जाता है-<br>(क) अज्ञेय<br>(ख) निराला<br>(ग) यात्री<br>(घ) दिनकर | 1 |
| 10. | निर्धारित पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3×2=6 |
| (I) | उद्धव द्वारा दिए गए योग के संदेश ने गोपियों की विरहाग्नि में घी का काम कैसे किया ? | 2 |
| (II) | आत्मकथा सुनने के संदर्भ में 'अभी समय भी नहीं' कवि ने ऐसा क्यों कहा है ? | 2 |
| (III) | 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के तीनों मुख्य पात्रों में से किस से आप सर्वाधिक प्रभावित होते हैं और क्यों ? | 2 |
| (IV) | 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर बच्चे की मुस्कान और एक बड़े व्यक्ति की मुस्कान में क्या अंतर है ? | 2 |
| 11. | पूरक पाठ्य पुस्तक निर्धारित पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए | 2×4=8 |
| (I) | 'साना-साना हाथ जोडि' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि प्रकृति ने जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है? इसको किस प्रकार सुधारा जा सकता हैं? | 4 |
| (II) | 'माता का अंचल' पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है वह आपके बचपन की दुनिया से किस प्रकार भिन्न है? | 4 |
| (III) | लेखक ने हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया? | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड-घ (रचनात्मक लेखन)** | 20 |
| 12. | निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।<br>**क) साहित्य समाज का दर्पण होता है**<br>संकेत बिंदु : - साहित्य का महत्व<br>- साहित्य पर समाज का प्रभाव<br>- समाज पर साहित्य का प्रभाव<br>- साहित्य का सकारात्मक प्रयोग<br>**ख) विज्ञान वरदान या अभिशाप**<br>संकेत बिंदु : - तकनीक का अद्भुत वरदान<br>- विज्ञान के फायदे<br>- विज्ञान का लोक जीवन पर प्रभाव<br>- प्रयोग के लिए सजगता<br>**ग) विद्यार्थी जीवन में खेल और योग का महत्व**<br>संकेत बिंदु : - स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है<br>- शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य का विकास<br>- तनाव से मुक्ति<br>- मन की प्रसन्नता | 1×6=6 |
| 13. | (क) आपके मित्र धूलिया/ब्रेनियर ने कक्षा दस में पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसे बधाई देते हुए लगभग **100 शब्दों** में पत्र लिखिए।<br>**या**<br>(ख) आप इंफाल के रहने वाले लंगदाई/मेनेरेवा है। आप अपने किसी काम से गुवाहाटी जा रहे थे। परंतु दीमापुर स्टेशन पर आपका सामान चोरी हो गया। दीमापुर रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को पूरी घटना की जानकारी देते हुए उनसे उचित और शीघ्रातिशीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध करते हुए लगभग **100 शब्दों** में पत्र लिखिए। | 1×5=5 |
| 14. | **(क)** आप मोहन/ गीता है। आपने हिंदी में एम.ए.(परास्नातक) की परीक्षा पास की है। भारतीय स्टेट बैंक में राजभाषा अधिकारी के पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं। इसके लिए **लगभग 80 शब्दों** में अपनी योग्यता एवं रुचियों बताते हुए स्ववृत्त तैयार कीजिए।<br>**या**<br>**(ख)** आपका नाम राकेश/ रेवती है। आपने ऑनलाइन खरीदारी में 'अमेजॉन ' वेबसाइट से चारपाई मँगवाई थी। परंतु आपने जो रंग व साइज आर्डर किया था वह आपको नहीं मिला। कंपनी के 'ग्राहक सेवा केंद्र ' को **लगभग 80 शब्दों** में ई-मेल लिखकर शिकायत कीजिए और उचित मुआवज़े की मांग कीजिए। | 1×5=5 |
| 15. | (क) 'ईटानगर में मोबाईल की दुकान' के प्रचार हेतु लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>**या**<br>**ख)** गुवाहाटी में हॉस्टल में रहने वाली अपनी बहन सविता को परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर लगभग 60 शब्दों में बधाई संदेश लिखिए। | 1×4=4 |